भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल
Website:www.bsgmp.net E_mail:scoutguide_bpl@dataone.in Phone ☎: 2661263,2737446 Fax: 2737446

ज्ञापक्र0/ 94 /रामु/गति–गावि/2012 भोपाल, दिनांक 2/4/2013

प्रति,

1. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय मुख्यालय ....
2. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
जिला संघ ....

विषय :– लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड सत्र 2013–2014 ।
सन्दर्भ :– राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली का पत्रक्र0/22/2013 दिनांक 7/3/2013

–0–

भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के सन्दर्भित पत्रानुसार पूर्व नेशनल कमिश्नर पद्मश्री श्रीमती लक्ष्मी मजूमदार की स्मृति व सम्मान में लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है । अवार्ड का मुख्य उद्देश्य दलों द्वारा अपने संभाग में सामुदायिक विकास कार्यक्रम का संचालन करना व समाज में स्काउट–गाइड की महति भूमिका प्रदर्शित करना है तथा दल जो सामुदायिक विकास कार्यक्रमों को संचालित कर रहा है उन्हें प्रोत्साहित करना है ।

सी0डी0प्रोजेक्ट संचालन व अवार्ड हेतु निम्न आहर्तायें आवश्यक है :–

1. यह अवार्ड योजना स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर विभाग दोनों के लिये है ।
2. पंजीकृत दल द्वारा सामुदायिक विकास योजना आने वाले क्षेत्र में लागू करना है ।
3. योजना दीर्घ कालिन (न्यूनतम 6 माह) व अल्प कालीन (न्यूनतम 2 माह) संचालित करें

लॉगबुक :– जो दल गतवर्ष से गतिविधि संचालित कर रहे है उनके फार्म तत्काल प्रेषित करें लॉगेबुक दिनांक 30 अगस्त 2013 तक प्रेषित करें ।

पंजीयन :– प्रति वर्ष प्रतिभागी दल को माह 30 जून 2013 तक संलग्न निर्धारित पंजीयन फार्म की समस्त पूर्ति कर जिला मुख्य आयुक्त से अग्रेषित कराकर इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि माह जुलाई 2013तक राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली को फार्म प्रेषित किया जा सके ।

अवधि :– प्रति वर्ष 01 अगस्त से आगामी वर्ष 31 जुलाई तक ।

कार्यक्रम :– माह 1 अगस्त 2013 से कार्यक्रम प्रारंभ कर जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) एवं जिला मुख्य आयुक्त के माध्यम से लॉगबुक व विवरण तैयार कर दिनांक 30 अगस्त 2014 तक राज्य राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें । लॉगबुक में दल का विवरण, दल में कार्यरत् स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर की सूची, कार्य विवरण एवं माह वार कार्य का विभाजन, किये गये कार्यो का विवरणश वितरित किये गये पोस्टर, पाम्पलेट की प्रति, प्राप्त प्रमाणिकरण एवं प्रमाण पत्र आदि संलग्न कर 12X15 इंच की लॉगबुक तैयार करें

अवार्ड :– प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर विजेता दल को राष्ट्रीय कौन्सिल के अवसर पर नेशनल कमिश्नर के हस्ताक्षर से उनके द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाते है तथा एक प्रति राज्य मुख्यालय को प्रदान की जाती है ।

अतः अपने संभाग/जिले के ऐसे दलों को जो सामुदायिक विकास कार्यक्रम का संचालन कर रहे हो उनके आवेदन 30 जून 2013 तक इस कार्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करें ताकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित हो सके ।

संलग्न – निर्धारित आवेदन फार्म ।

2/4/13
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड
मध्यप्रदेश